


# गीता का ज्ञान संपूर्ण मानवता के लिए : स्वामी अड़गड़ानंद महाराज

## चित्रकूटधाम पधारे परमहंस स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज ने दूसरे दिन डीआरआई के प्रकल्पों का किया भ्रमण





नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 6 मई। यथार्थ गीता के प्रणेता परमपूज्य सदगुरुदेव परमहंस स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज ने अपने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम परिसर में संस्थान के कार्यकर्ताओं एवं शिष्यों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि गीता का ज्ञान केवल अर्जुन के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवमात्र के लिए भी है, जो सांसारिक दुखों से मुक्ति और आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है।**

यूँ तो जीवन में सोचने को तो लाख बातें हैं और न सोचे तो कुछ नही, उनमें पूरी वही होगी जिसे ईश्वर चाहेंगे। गीता को धर्मशास्त्र घोषित किया है तो गीता ही धर्मशास्त्र है सदैव था, आज है और भविष्य में भी रहेगा।

ब्रह्मानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्तिं, द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम।

एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभूतं, भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि॥

जीवन मे सद्गुरु के बिना कल्याण नही हो सकता इसलिए उसकी पहचान करो फिर अपनाओ कपड़े रंगने से आप भवकूप से पार नही हो सकते हो अर्थात अपनी क्षमता बढाओ।

स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज ने कहा कि दो ढाई अक्षर का छोटा सा नाम ओऊम कहो अथवा राम, किसी भाषा में कह सकते हो। क्योंकि परमात्मा राम ने कहा है कि कोई कुसंस्कार ऐसा नही जो प्रभु चरणों एवं उनकी शरण में जाने से न कट जाए। अर्जुन ने भगवान कृष्ण से पूंछा था कि भगवान कहाँ प्राप्त होंगे भगवान ने उत्तर दिया कि किसी तत्वदर्शी महापुरुष के पास निष्कपट भाव से सेवा करके इसे प्राप्त कर सकते हो क्योंकि वे तत्व का उपदेश करेंगे प्रत्यक्ष साक्षात्कार के साथ मिलने वाली जानकारी का नाम केवल ज्ञान है।भारत जब जब अयोग्य हाथों में गया तब तब भारत की आध्यत्मिकता खटाई में पड़ी है। आज देश में जो करोड़ों मुसलमान हैं वो एक भी मुसलमान नही हैं, सनातनी हिन्दू हैं हमारे सगे भाई हैं। आज वे भूल गए हैं कि उनका घराना यह है। जिस दिन से गीता पा जाओगे उनको भी दे दोगे वे अपना घराना पा जाएंगे। वे जान जाएंगे कि हम पतित कभी नही हुए आप भी जान जाओगे कि ये पतित होने का तरीका नही है। प्रभु में श्रद्धा कदाचित कम हो गई है अर्थात हम वासनाओं में कहीं भटक गए हैं। अविद्या माया बड़ी दुष्ट तथा अत्यंत दुखदायिनी है इस अविद्या माया के कारण ही जीव भव बंधन में पड़ता है। अत: सभी अविद्या का नाश कर सत्य एवं अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानो तथा विश्व कल्याण में युत हो जाओ।

इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन द्वारा संस्थान द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न समाजोपयोगी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। स्वामी जी को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों का भ्रमण कराया गयाए जिसमें गुरुकुल संकुल, राम दर्शन, उद्यमिता विद्यापीठ, गौवंश विकास अनुसंधान केन्द्र, दीनदयाल परिसर प्रमुख रहे।

भ्रमण के ही अन्तर्गत रामनाथ आश्रमशाला में 24 अप्रैल से 10 मई तक संचालित हो रहे व्यक्तित्व विकास शिविर का भी अवलोकन कराया गया। इस दौरान स्वामी जी शिविर में प्रतिभागी ग्रामीण बच्चों से भी रूबरू हुए और और वहाँ की दिनचर्या व विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों की गतिविधियों को भी समझा।

# ग्राम पंचायत हर्रई में पेयजल संकट गहराया

## आधा दर्जन हैंडपंप खराब



नवभारत न्यूज

**रामनगर 6 मई। मैहर जिले के जनपद पंचायत रामनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रई में इन दिनों पेयजल संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। गांव के लगभग आधा दर्जन हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में हालात और भी खराब हो गए हैं, जहां लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है।**

इस संबंध में जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 03 लक्ष्मण प्रसाद कोल ने भी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कई बार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सूचना देने के बावजूद न तो अधिकारी फोन रिसीव कर रहे हैं और न ही ठेकेदार द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है। यह लापरवाही सीधे तौर पर ग्रामीणों को परेशान कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। लक्ष्मण प्रसाद कोल ने प्रशासन से जल्द से जल्द खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।



# बालिका छात्रावास का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 6 मई । जनपद पंचायत उचेहरा के रगला पंचायत के धमनहाई में स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका क्षात्रावास का जिला पंचायत सी ई ओ शैलेन्द्र सिंह ने औचक निरीक्षण के दरमियान छात्रावास की पठन पाठन ,आवासीय और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बीरीकी से निरीक्षण करते आवश्यक दिशा निर्देश दिये।**

वहीं सूत्रों की माने तो छात्रावास में करीब 16 लाख की लागत से प्रस्तावित बाउंड्री बाल स्थल चयन सहित अन्य गतिविधियों का निरीक्षण करके निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये इस दरमियान छात्रावास अधीक्षिका ,पंचायत सचिव अनूप मल्लाह सहित अन्य जुम्मेदार मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर 26 मई को मैहर के आल्हा ताल में होंगे विविध कार्यक्रम

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में रूपरेखा पर चर्चा की, टीएल बैठक में अधीनस्थों नहीं भेजे विभाग प्रमुख

नवभारत न्यूज

**मैहर 6 मई । जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मैहर नगरी में मां शारदा मंदिर पहाडी के नीचे स्थित आल्हा तालाब में गंगा दशहरा के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने बुधवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में रूप रेखा पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी।**

इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम दिव्या पटेल, डॉ. आरती सिंह, एसपी मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, आरईएस लाजरूस केरकेट्टा, पीएचई श्वेतांक चौरसिया सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 26 मई गंगा दशहरा के अवसर पर प्रसिद्ध आल्हा ताल में सांध्यकालीन गंगा आरती शास्त्रीय संगीत कथक की प्रस्तुति, दीपदान सहित विभिन्न कार्यक्रम जल संरक्षण की थीम पर आयोजित होंगे। नगर पालिका मैहर द्वारा प्रात: 10 बजे से स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक रंगोली सजाई जायेगी। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सीईओ जिला पंचायत को नोडल अधिकारी एवं एसडीएम मैहर को संयोजक बनाया गया है। नगरीय निकायों में स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि नगर पालिका के हर वार्ड में एक-एक स्वच्छता एम्बेसडर नियुक्त करें। इसी प्रकार वार्ड में अच्छा काम करने वाले तथा प्रगणक सुपरवाइजर को भी प्रोत्साहित किया जायेगा। कलेक्टर ने राजस्व कार्यो की समीक्षा में कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के अस्पतालों की रोगी कल्याण समिति की बैठक नियमित रूप से लें और अस्पतालों में साफ-सफाई एवं व्यवस्था की मानीटरिंग भी करें।



सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रेडिंग में सभी विभाग ए-श्रेणी में आने का प्रयास करें। विगत माह तक 5774 कुल शिकायतें प्राप्त हुई है।

जिनमें 1017 खाद्य, 948 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, 679 पंचायत ग्रामीण विकास, 844 विद्युत कंपनी, 553 राजस्व, 109 सामाजिक न्याय की शिकायतें लंबित है। इसका गुणवत्तापूर्ण तरीके से निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी के तहत 8 प्रकरण सीमांकन के बाह्य पाये जाने पर कलेक्टर ने संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

जल गंगा संवर्धन अभियान में सतना-मैहर की 16वीं रैंक होने पर कलेक्टर ने कहा कि अभियान से संबंधित विभाग गतिविधियों को पोर्टल पर इन्ट्री कर अपडेट कराये। कलेक्टर ने कहा कि मैहर हेलीपैड पर प्रतीक्षालय निर्माण के लिए 30 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण शीघ्र औपचारिकतायें पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराये।

### टी एल बैठक में अधीनस्थों को नहीं भेजे विभाग प्रमुख

कलेक्टर मैहर ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि सभी जिला अधिकारी बुधवार को आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। महीने में चार दिवस इन बैठकों में अधीनस्थ अधिकारियों को नहीं भेजें। विषम परिस्थितियों में पूर्वानुमति प्राप्त कर ऐसे अधीनस्थ अधिकारी को भेजे जिन्हें पूरे जिले के संबंध में पर्याप्त विभागीय जानकारी हो। कलेक्टर ने कहा कि रिजल्ट और शैक्षणिक गतिविधियों के सुधार के लिए 12 मई को शाम 4 बजे से डीईओ, डीपीसी और संकुल प्राचार्यो की संयुक्त बैठक में शिक्षा के सभी मानकों की समीक्षा की जायेगी।

### जनगणना कार्य की प्रगति जानी

जनगणना कार्य की समीक्षा में बताया गया कि मैहर जिले में कुल 1271 हाउस लिस्टेड ब्लाक जिनमें 907 एचएलबी में कार्य प्रगति पर है। 17 एचएलबी कम्पलीट हो चुके हैं जबकि 347 एचएलबी नाट स्टार्टेड पाये गये हैं। कलेक्टर मैहर श्रीमती मुखर्जी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों और सुपरवाइजर का स्थानांतरण नहीं किया जाये। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कार्यालय एवं संरचनाओं के निर्माण के लिए भूमि आवंटन संबंधी प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

# शराब ठेकेदार दे रहा जान से मारने की धमकी

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 6 मई। कितने आश्चर्य का विषय है एक शराब का व्यापारी हमारे क्षेत्र में आकर हमारे समाज हमारी नस्लों को गांव गांव मोहल्ले मोहल्ले अवैध शराब बिकवा रहा है और जब समाज के संभ्रांत लोग इस व्यापारी के काले कारनामों में अंकुश लगाता है।**

सरेआम अवैध शराब से लदी गाड़िया गांव में पकड़कर पुलिस को सौंपता है कार्यवाही होती है दो आरोपियों सहित जप्त गाड़ी के विरुद्ध विधि सम्मत मुकदमा दर्ज होता है। इसके बाद उन युवाओं को शराब ठेकेदार और उसके दो कौड़ी के गुंडे जान से मारने की धमकी दे डराने की कोशिश करे। ये उचित नहीं दो दिन में दो थानों में इस ठेकेदार की शराब और आदमी पकड़े गए । अमरपाटन की तो बात छोड़िए मैहर क्षेत्र की सीमा में घुसकर शराब बेचने ये ठेकेदार आ रहा है। कल नादन देहात पुलिस ने इसी ठेकेदार के गुर्गों के विरुद्ध 34/2 का मुकदमा दर्ज किया है। ठेकेदार की हरकतों से क्षेत्र में तनाव की स्थित निर्मित हो सकती है समाज में विद्वेष उत्पन्न हो सकता है। हमारे रेंज के आईजी कहते है कि मुखबिर और पुलिस के मददगारों को पूर्ण सुरक्षा दी जाएगी। ठेकेदार गणेश मिश्रा और इसका आतंकी गुर्गा राहुल सिंह पर अबतक कार्यवाही न होना साथ ही अमरपाटन शराब मामले में चिन्हित लोगों की गिरफ्तारी अबतक न होना अमरपाटन पुलिस की कार्यप्रणाली में सवाल खड़े कर रही है। एक शराब ठेकेदार अवैध शराब बेचेगा और स्थानीय जनों को धमकी भी खुलेआम दे इस तरह कब तक चलेगा।

# मैहर के 5 प्रमुख चौराहों और 10 आंगनवाडी केन्द्रों की साज-सज्जा का कार्य प्रारंभ करें

नवभारत न्यूज

**मैहर 6 मई। मैहर शहर में सौदर्यीकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और बाल हितों को केन्द्र में रखते हुए कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने कार्पोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी मद से मैहर के 5 प्रमुख चौराहों, 10 आंगनवाडी केन्द्र की साज-सज्जा, चाइल्ड फ्रेंडली प्री स्कूल और जिला अस्पताल के 5 वार्डो के कायाकल्प के लिए नवाचार प्रारंभ किया है।**



सी.एस.आर. पार्टनर और संबंधित विभाग प्रमुखों के साथ संयुक्त बैठक में कलेक्टर ने कार्य योजना के अनुसार शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। गत सप्ताह सी.एस.आर. मद की सम्पन्न जिला स्तरीय बैठक के निर्णयानुसार प्रथम चरण में 5 प्रमुख औद्योगिक संस्थानों द्वारा नगरीय क्षेत्र की 10 आंगनवाडी, 5 चौराहे और अस्पताल के 5 विभिन्न यूनिट वार्ड का कायाकल्प किया जायेगा। इनमें प्रत्येक औद्योगिक संस्थान को 2-2 आंगनवाडी, एक चौराहे और अस्पताल का एक वार्ड विकसित और सौदर्यीकरण के लिए सौपा गया है।

इनमें प्रमुख 5 चौराहों में जीरो पाइंट चौराहा, घंटाघर चौराहा, अलाउद्दीन तिराहा, एसबीआई चौराहा और रेल्वे स्टेशन तिराहा सौदर्यीकरण मरम्मतीकरण के काम शामिल है। कार्यो के मानीटरिंग और सुपरवीजन के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम मैहर, तहसीलदार, आरटीओ, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी, सीएमओ नगर पालिका की समिति बनाई गई है।

### एक नजर में

## जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की सुविधा को विधिक सहायता डेस्क स्थापित



**चित्रकट।** उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिरण चित्रकूट की ओर से जिला कारागार चित्रकूट में निरूद्ध बन्दियों के हितार्थ विधिक सहायता डेस्क स्थापित की गयी है। इस पहल का उद्देश्य मुलाकातियों को उनके बन्दी परिजनों के मुकदमों की प्रगति, जमानत की स्थिति और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं की सटीक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट की सचिव इला चौधरी ने बताया गया कि जेल में मुलाकात करने हेतु आने वाले बन्दियों के परिजनों खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्ति कानूनी जानकारी के अभाव में परेशान रहते हैं। उन्हे यह भी पता नहीं होता कि उनके परिजन का मुकदमा किस स्तर पर है, अगली तारीख कब है या जमानत की प्रक्रिया क्या है, ऐसे में यह हेल्प डेस्क उनके लिये काफी सहायक सिद्ध होगा। उन्होने बताया कि विधिक सहायता डेस्क के माध्यम से मुलाकातियों को न केवल परिजन के मुकदमों की जानकारी दी जायेगी, बल्कि उन्हे उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जायेगा।

## गुंता व रसिन नहरों का रोस्टर जारी, हजारों किसानों को मिलेगा सिंचाई लाभ

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर खरीफफसली वर्ष 2026-27 के लिए जनपद में नहर संचालन का रोस्टर जारी कर दिया गया है। जिसके तहत गुंता एवं रसिन नहर प्रणाली के संचालन के लिए सक्षम स्तर से रोस्टर अनुमोदित किया गया है। इसमें रसिन बांध नहर प्रणाली के अंतर्गत दो मुख्य नहरों एवं चार माइनरों के माध्यम से 17 गांवों के 3,635 किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं गुंता बांध नहर प्रणाली के अंतर्गत एक मुख्य नहर और पांच माइनरों से 45 गांवों के 17,595 किसान लाभान्वित होंगे। अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड कर्वी ने बताया कि नहरों का संचालन नदी जलाशयों में उपलब्ध पानी के आधार पर किया जाएगा। यदि किसी सप्ताह में जल की उपलब्धता अनुमान से कम या अधिक होती है, तो रोस्टर में आवश्यक संशोधन किया जा सकता है। साथ ही ऋतु परिवर्तन, जलाशय में वास्तविक जल स्तर और सिंचाई की मांग के अनुसार भी बदलाव संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नहर संचालन में किसी भी प्रकार के परिवर्तन या किसी हिस्से में पानी न पहुंचने की स्थिति में फसल क्षति के लिए सिंचाई विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। बताया कि गुंता बांध जलाशय में वर्तमान में लगभग 48 दिन का पानी उपलब्ध है, जिसके आधार पर नहर संचालन प्रस्तावित है। इसके बाद वर्षा के माध्यम से जल उपलब्ध होने पर रोस्टर के अनुसार नहर संचालन किया जाएगा। इसमें आगामी चार से 18 जून तक बांध को खाली कर गेटों की ऑयलिंग-ग्रीसिंग एवं अनुरक्षण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 13 जुलाई से नहर संचालन पुन: शुरू करने की योजना है, बशर्ते पर्याप्त जल उपलब्ध हो। इसी प्रकार रसिन बांध जलाशय में वर्तमान में 104 दिन का पानी उपलब्ध है। जिसमें पांच से 15 जून 2026 तक अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। इसके बाद 17 जुलाई से नहर संचालन शुरू करने का प्रस्ताव है। ग्रीष्मकाल में जल उपलब्धता के अनुसार नहरों का उपयोग पशुओं के पेयजल के लिए भी किया जाएगा। सिंचाई विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित रोस्टर के अनुसार सिंचाई की योजना बनाएं और जल का समुचित उपयोग करें।

# चित्रकूट में अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान, 6 ओवरलोड ट्रक सीज

**सदर एसडीएम अजय यादव की सख्ती से खनन माफियों में हडकंप**

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 6 मई। शासन की मंशा के अनुरूप जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।**

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीएम अजय यादव ने गिट्टी से लदे 6 ट्रकों को पकड़कर कोतवाली कर्वी और चौकी खोह पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई से खनन माफिआओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, एसडीएम अजय यादव नियमित क्षेत्रीय निरीक्षण पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें संदिग्ध हालात में गिट्टी ले जा रहे 6 ट्रक दिखाई दिए। ट्रकों को रोककर जब जांच की गई तो वे बिना वैध दस्तावेजों के खनिज का परिवहन करते पाए गए। खासतौर पर वाहनों के पास अनिवार्य एमएम-11 (माइनिंग ट्रांजिट पास) उपलब्ध नहीं था, जो खनिज परिवहन के लिए आवश्यक होता है। एसडीएम अजय यादव ने बताया कि बिना एमएम-11 के खनिज का परिवहन पूरी तरह अवैध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मौके पर ही सभी ट्रकों को कब्जे में लेकर संबंधित थानों को सौंप दिया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने साफतौर पर कहा है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में भय का माहौल है। वहीं प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# भाजपा की ऐतिहासिक विजय, जनता ने विकास और सुशासन पर लगाई मुहर- प्रियांशा उरमलिया

नवभारत न्यूज

**सतना 6 मई।** भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की सह मीडिया प्रभारी सुश्री प्रियांशा उरमलिया ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की विजय पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज घोषित हुए चुनाव परिणामों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि देश की जनता विकास, सुशासन और मजबूत नेतृत्व के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में पार्टी की प्रचंड जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है.


### शोक संदेश

श्रीमान/श्रीमती चन्द्रवती कुशवाहा

अत्यंत दु:ख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माता श्रीमती चन्द्रवती कुशवाहा का आकस्मिक निधन 29.4.2026 दिन बुधवार को हो गया है। जिनकी तेरहवीं 11.5.2026 दिन सोमवार को रखा गया है। अत: इस दुख की बेला पर आप सपरिवार पधार कर मृतात्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान करने की कृपा करें।

**शोका कुल**
समस्त कुशवाहा परिवार

**कार्यक्रम स्थल**
छपरा हार नैगंवा कटनी

**विनीत**
पति-प्रहलाद कुशवाहा
पुत्र- राजेन्द्र कुशवाहा
पुत्र- रामाधीन कुशवाहा

मो. 9826123401, 7805877454, 7974881110


# प्रगतिशील कृषक शिवेंद्र सिंह परिहार ने पेश की टिकाऊ खेती की मिसाल

## केवीके वैज्ञानिकों के सुझाव पर पराली बनी पोषण का स्रोत, संतुलित उर्वरक उपयोग से बड़ी उत्पादकता

नवभारत न्यूज

**मझगवां-सतना/ दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां के मार्गदर्शन में जिला सतना के विकासखंड ऊंचेहरा के ग्राम कुंदहरी निवासी प्रगतिशील कृषक श्री शिवेंद्र सिंह परिहार टिकाऊ खेती के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहे हैं।**

शिवेंद्र सिंह ने पराली (नरवाई) प्रबंधन और संतुलित उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर न केवल अपनी लागत कम की है, बल्कि मिट्टी की सेहत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है।




खेतों में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण और मिट्टी के मित्र कीटों के नुकसान को रोकने के लिए श्री परिहार ने इसका यांत्रिक प्रबंधन शुरू किया है। वे सुपर सीडर हैरो रोटावेटर जैसी मशीनों का उपयोग कर धान और गेहूं की पराली को छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी में मिला देते हैं। इससे जैविक खाद का निर्माण खेत में गलने-सड़ने के बाद पराली खाद में बदल जाती है, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बढ़ती है।जल धारण क्षमता में वृद्धि होती है भूमि की नमी सोखने की क्षमता में सुधार हुआ है।लागत में कमी और मिट्टी की उर्वरता बढ़ने से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई है।

केवीके के वैज्ञानिकों के सुझाव पर श्री परिहार ने केवल यूरिया या डीएपी पर निर्भर रहने के बजाय मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित खाद का उपयोग शुरू किया है। नाइट्रोजन, फास्फोरस, और पोटाश के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्वों का उचित समन्वय किया जा रहा है। जैविक खादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा बने श्री शिवेंद्र सिंह की यह पहल एक सकारात्मक विकल्प के रूप में उभरी है। उनकी सफलता को देख क्षेत्र के अन्य किसान भी आधुनिक और टिकाऊ खेती की ओर प्रेरित हो रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मॉडल से किसानों की आय दोगुनी करने और कम लागत, अधिक उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी मदद मिलेगी।